हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बरेली • मंगलवार • 25 मई 2021

PAGE NO : 05 LEFT MDDLE

ओपीडी में आए ब्लैक फंगस के लक्षण वाले आठ मरीज

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

ब्लैक फंगस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पहले जहां साल में 4-5 मरीज ही मिलते थे, वहीं बीते कई दिनों से रोजाना 7-8 मरीज ब्लैक फंगस के लक्षण वाले आ रहे हैं। मंगलवार को एसआरएमएस में कई मरीज ईएनटी सर्जन डा. विनित शर्मा को दिखाने पहुंचे जिसमें तीन लोगों में ब्लैक फंगस की पुष्टि हुई है। 5 अन्य मरीजों में भी संक्रमण के लक्षण मिले है लेकिन उनकी जांच पूरी नहीं हो सकी है।

जिले में ब्लैक फंगस के अधिकांश मरीज एसआरएमएस में भर्ती हैं। वहां 10 मरीजों का आपरेशन हो चुका है और दो अन्य मरीजों का आपरेशन होने की तैयारी है। एसआरएमएस के ईएनटी सर्जन डा. विनित शर्मा का कहना है कि ब्लैक फंगस संक्रमण पहले भी था लेकिन मरीजों की संख्या नाममात्र की थी। हर साल औसतन 4-5 मरीज ही मिलते थे जिनमें ब्लैक फंगस की पुष्टि होती थी। इस समय कोरोना महामारी की वजह से ब्लैक फंगस के मरीज अचानक तेजी से बढ़ रहे हैं। एसआरएमएस में बरेली के साथ ही रामपुर, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के मरीज भी आ रहे हैं और उनको भी भर्ती किया जा रहा है।

ईएनटी सर्जनडाक्टर विनीत, एसआरएमएस

ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए दवाएं शासन स्तर से भेजी जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मरीजों की डिटेल प्रशासन को दी जाती है और लखनऊ से सीधे दवा, इंजेक्शन आवंटित किया जाता है।